(4) रूहानी अंजुमन, दिल्ली; गुरूदेव शहनशाह गोदारीवाला, गुजरात की यात्रा के लिए।

पाकिस्तान की सरकार से स्वीकृत धार्मिक स्थलों की सूची में पारस्परिकता के आधार पर विस्तार करने के लिए सम्पर्क स्थापित किया गया है ताकि उपर्युक्त धार्मिक स्थलों को भी इसमें शामिल किया जा सके। लेकिन उनका कहना है कि फिलहाल भारतीय तीर्थ यात्रियों द्वारा दलों की यात्राएं अभी पूर्ण स्वीकृत तीर्थ स्थलों तक ही सीमित रखी जाएं।

सरकारी काम में हिन्दी का प्रयोग

2322. **श्री नावाब सिंह चौहान** : क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उनके मंत्रालय में हिन्दी में काम करने के लिए क्या प्रबन्ध किये गये हैं और इस कार्य की देखभाल करने वाले अधिकारियों का स्तर क्या है ;

(ख) हिन्दी में अधिक से अधिक कार्य हो इसके लिये क्या प्रयत्न किये गये हैं और भविष्य के लिए इस बारे में क्या योजनायें हैं ; और

(ग) क्या इस कार्य की समीक्षा करने के लिए एक संसदीय समिति गठित की गई है और यदि हां, तो इस समिति के सदस्यों के नाम क्या हैं ?

विदेश मंत्री (श्री अटल बिहारी बाजपेयी): (क) और (ख). इस मंत्रालय में एक हिन्दी अनुभाग है जो संयुक्त सचिव के दर्जे के एक अधिकारी के अधीन कार्य करता है जिसकी सहायता के लिए एक विशेषाधिकारी है। स्पष्टतः बढ़े हुए काम को पूरा करने के लिए और हिन्दी के प्रयोग को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिए समुचित कदम उठाये जा रहे हैं जिनमें पदों की संख्या की वृद्धि भी शामिल है।

(ग) जी, नहीं। लेकिन इस मंत्रालय में केन्द्रीय हिन्दी समिति की उपसमिति है और इसके पुनर्गठन के विषय में विचार किया जा रहा है।

रबूपुरा (उत्तर प्रदेश) में टेलीफोन कनेक्शन

2323. **श्री नवाब सिंह चौहान** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश की टेलीफोन सलाहकार समिति ने 6 या 7 वर्ष पहले उत्तर प्रदेश के जिला बुलन्दशहर के रबूपुरा कस्बे में टलीफोन सेवायें प्रदान करने की सिफारिश की थी ;

(ख) क्या मुरादाबाद सर्किल ने यहां टेलीफोन लगाने के लिए खम्भे और तार खींचे थे ;

(ग) क्या निहित स्वार्थों के कारण वहां अभी तक टेलीफोन नहीं लग पाये हैं जिसके परिणामस्वरूप यहां के व्यापार को काफी हानि हो रही है ; और

(घ) सरकार का विचार वहां टेलीफोन कब तक लगाने का है ?

रेल मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) : (क) से (घ). वर्ष 1969 में रबूपुरा में एक छोटा आटोमैटिक एक्सचेंज खोलने का प्रस्ताव रखा गया था। वहां के लिए टेलीफोन लेने के इच्छुक केवल 5 व्यक्तियों ने ही अपनी मांग दर्ज कराई थी। इसलिए वहां एक्स-